पत्रांक–BSEB(SS)/ACD/25/328/2018

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उ०मा०), पटना**

प्रेषक,

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,
पटना।

सेवा में,

प्रधान सचिव
श्रम संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक 08/11/2018

विषयः– **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को 12वीं के समकक्ष मान्यता प्रदान करने हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में।**

प्रसंगः–भवदीय पत्रांक संख्या सं०सं०–टी–2/नामां–05/2016–2030, दिनांक 01.10.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक भवदीय प्रासंगिक पत्र में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के कार्यालय आदेश ज्ञापांक –09/वि‍धि–10–2017–342 दिनांक 09.07.2018 का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के उत्तीर्ण छात्रों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से 12वीं उत्तीर्ण के समकक्ष इस शर्त के साथ मान्यता प्रदान की गयी है कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का National Council for Vocational Training (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से कक्षा 12 वीं के लिए निर्धारित कोर्स के अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उन्हें आगे की परीक्षा में प्रवेश हेतु 12वीं के समकक्ष माना जाएगा।

2. उक्त आलोक में भवदीय के पत्रांक संख्या सं०सं०–टी–2/नामां–05/2016–2030 दिनांक 01.10.2018 द्वारा अपेक्षा की गयी है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में किस प्रकार सम्मिलित होना होगा। इस संबंध में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के ज्ञापांक संख्या–BSEB(SS)/ACD/DS/324/2018 दिनांक 24.10.2018 द्वारा गठित पाँच सदस्यीय समिति में समीक्षा की गई, और समिति का प्रतिवेदन प्राप्त किया गया, जिसके अनुसार आई. टी. आई. छात्रों को 12वीं उत्तीर्ण के समकक्षता के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी की परीक्षा हेतु निम्न प्रावधानों के अंतर्गत परीक्षा संचालन किये जाने का प्रस्ताव है:–

(i) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए आयोजित परीक्षा का नाम "औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) परीक्षा" ("Industrial Training Higher Secondary Level Language (Hindi/English) Examination") होगा।

(ii) श्रम संसाधन विभाग के द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई. टी. आई.) की अभिप्रमाणित सूची उपलब्ध करायी जाएगी।

(iii) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इस परीक्षा हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें किस प्रकार आवेदन भरा जाएगा, आवेदन प्रपत्र का प्रारूप एवं उसे भरने हेतु आवश्यक जानकारी जैसे परीक्षा शुल्क की राशि, छात्र की पहचान, जन्म तिथि आदि का उल्लेख होगा।

(iv) आई. टी. आई. के प्रत्येक छात्र के लिए परीक्षा एवं अन्य शुल्क मिलाकर कुल रु0 1170/- शुल्क देय होगा।

(v) आई. टी. आई. छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क, संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के बेवसाइट पर ऑनलाईन भरा जाएगा, जिसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा श्रम संसाधन विभाग के माध्यम से संस्थानों के प्रधान को यूजर आई डी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

(vi) ऑनलाईन आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार इनकी परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उनकी परीक्षा लेने की कारवाई की जाएगी, जिसके लिए सभी अभ्यर्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से तथा उनके ई-मेल एवं मोबाईल पर SMS के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

(vii) उक्त परीक्षा के दोनों विषयों में 50 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं 50 प्रतिशत विषयनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

(viii) दोनों विषयों में अलग-अलग उत्तीर्णता का अंक 30 प्रतिशत होगा।

(ix) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का प्राप्तांक संस्थान को श्रम संसाधन विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

(x) पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी श्रम संसाधन विभाग को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी, तत्पश्चात् औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों को पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी श्रम संसाधन विभाग के द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

3. अतः निदेशानुसार सादर अनुरोध है कि उपर्युक्त कंडिका 2 में अंकित प्रावधानों के सम्बन्ध में श्रम संसाधन विभाग की सहमति संसूचित करने की कृपा की जाए, ताकि इस संबंध में आवश्यक कारवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

8/1/2

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– ............./2019

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने हेतु समिति के वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का Dummy Admit Card ऑनलाईन जारी करने तथा त्रुटि सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने वाले सभी अभ्यर्थी/अभिभावक/संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 दिनांक 15.05.2019 को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | समिति के वेबसाइट www.biharboard.online पर Dummy Admit Card जारी करने एवं वेबसाइट पर उपलब्ध रहने की अवधि | 20.04.2019 से 24.04.2019 |
| 2 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर के साथ संबंधित सभी छात्र–छात्राओं को प्राप्त कराने की अवधि | 20.04.2019 से 24.04.2019 |
| 3 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये गये Dummy Admit Card में अगर किसी प्रकार की त्रुटि यथा अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि एवं फोटो आदि में त्रुटि पाये जाने पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ऑनलाइन सुधार करने हेतु अवधि। **(उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार नहीं किया जाएगा)** | 20.04.2019 से 24.04.2019 |
| 4 | मूल प्रवेश पत्र (Admit Card) समिति के वेबसाइट पर जारी करने की तिथि | 05.05.2019 |
| 5 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा समिति के वेबसाइट से डाउनलोड कर मूल प्रवेश पत्र अपने हस्ताक्षर के साथ अभ्यर्थियों को निश्चित रूप से प्राप्त कराने की अवधि। | 05.05.2019 से 14.05.2019 |
| 6 | औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2019 के परीक्षा की तिथि एवं समय | **15.05.2019** (प्रथम पाली 09:30AM से 12:45 PM तक) (द्वितीय पाली 01:45PM से 05:00 PM तक) |

ह०/-
परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 71 /2019 पटना, दिनांक : 16 अप्रैल, 2019

प्रतिलिपि : जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/-
परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ITI 2019-20 /letter 1